सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-438
12/10/2018

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की स्व0 माता जी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 12 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज नालंदा जिला के नगरनौसा प्रखण्ड, गोरायपुर पंचायत अन्तर्गत गिलानीचक गॉव स्थित जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के आवास पर जाकर उनकी स्व0 माता कौशल्या देवी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व0 कौशल्या देवी के चित्र पर श्रद्धा–सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं अपनी संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शोक संतप्त परिजनों को भी सांत्वना दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, अध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य योजना पर्षद के सदस्य श्री संजय झा सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******